राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–116/2023

साहित्य उद्‌बोधन और प्रबोधन का साधन भी है –राज्यपाल

पटना, 25 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्काउट एण्ड गाइड परिसर, पटना में आयोजित 'चन्द्रगुप्त साहित्य महोत्सव' के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्य केवल मनोरंजन का ही विषय नहीं है, बल्कि यह उद्‌बोधन और प्रबोधन का साधन भी है। उन्होंने सक्षम और समर्थ साहित्यिक कृतियों को सामने लाने की आवश्यकता बताई।

राज्यपाल ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है तथा पुराने साहित्य तत्कालीन समय की स्थिति से हमें अवगत कराते हैं।

उन्होंने पुस्तकों के अध्ययन की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि बच्चों और अभिभावकों को भी इसकी आदत डालनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने घरों में सद्‌साहित्यों को रखने एवं पढ़ने की आवश्यकता बताई।

राज्यपाल ने इस अवसर पर पुस्तकों के विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया।

इस अवसर पर बी० एन० मंडल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो० अमरनाथ सिन्हा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख श्री सुनील आंबेकर, विधान पार्षद प्रो० राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ० बालमुकुन्द पांडेय, नालंदा विश्वविद्यालय की डॉ० स्मिता सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

....